नीलम शमी राव, भा.प्र.से.
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त
Neelam Shami Rao, IAS
Central Provident Fund Commissioner

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोज़गार मन्त्रालय, भारत सरकार)
मुख्य कार्यालय : भविष्य निधि भवन,
14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
दूरभाष : 011-26172671
Employees' Provident Fund Organisation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Head Office : Bhavishya Nidhi Bhawan,
14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110 066
Phone : 011-26172671

हि.अ./8(7)2023/ हिन्दी पखवाड़ा 1419
दिनांक :- 01 SEP 2023

अपील

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सभी कार्यालयों में 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के सभी कार्यालयों के प्रशासनिक प्रधानों का यह दयित्व है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें ।

मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए राजभाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करेंगे :

i. कार्यालय में होने वाली सभी विभागीय / प्रशासनिक बैठकों में सरल एवं बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करें तथा अन्य अधिकारियों / कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें।

ii. सभी उच्च अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों /कर्मचारियों से समय-समय पर राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा करें तथा उन्हें फाईलों / ई-फाईलों में सामान्य टिप्पणियां हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करें।

iii. कार्यालय के सभी कंप्यूटर यूनिकोड समर्थित हों, सभी में द्विभाषी रूप में कार्य करने की सुविधा हो ताकि हिंदी पत्राचार में वृद्धि की जा सके।

iv. मूल पत्राचार में राजभाषा हिंदी को प्राथमिकता देते हुए अधिकाधिक पत्राचार हिंदी में करना सुनिश्चित करें जिससे कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित हिंदी पत्राचार के लक्ष्य को लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

v. गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार पखवाड़े के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

आप सभी को हिंदी पखवाड़े के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

(नीलम शमी राव)

प्रतिलिपि :-

संगठन के समस्त अधिकारी व कर्मचारी-गण ।
संगठन की वेबसाइट के माध्यम से